# WINSOME BREWERIES LTD.

**Regd. Office :** Vill. Sarehkhurd, Tehsil Tijara, Distt. Alwar (Rajasthan)
**Corp. Office :** D-61, Okhla Industrial Area, Phase-I, New Delhi-110020
Ph. : 011 - 26811299,2707 Fax No : 011 - 26815222
Email : rkb@winsomeindia.in Website:winsomeindia.in
CIN : L15511RJ1992PLC014556

**Date: 05/09/2019**

To,
Manager Listing Department
BSE Limited
Floor-25 P.J Tower, Dalal Street
Mumbai-400001
Script Code: 526471

**SUB: Submission of copies of Newspaper Advertisement regarding the Notice of 27th Annual General Meeting, Book Closure and remote e-voting.**

**REF: Regulation 47 of the SEBI (Listing Obligation & Disclosure Requirements) Regulation, 2015**

**Dear Sir/Madam,**

With respect to the captioned subject, please find enclosed herewith the copies of Newspaper Advertisement published in English daily and regional Newspaper regarding the Notice of 27th Annual General Meeting, Book Closure and remote e-voting.

We request you to kindly take this intimation on record and oblige.

Thanking You,

Yours faithfully
**For WINSOME BREWERIES LIMITED**

For WINSOME BREWERIES LTD.

Company Secretary

**SHAAN MOHAMMAD**
**COMPANY SECRETARY & COMPLIANCE OFFICER**

**Encl.: As above**

### कश्मीर को लेकर ब्रिटेन में हिंसक झड़प, दो गिरफ्तार

**लंदन, भाषा।** जम्मू कश्मीर का विशेष दर्जा समाप्त किए जाने के खिलाफ ब्रिटिश पाकिस्तानी समूहों के नेतृत्व में हजारों प्रदर्शनकारी यहां भारतीय उच्चायोग के सामने एकत्र हुए और इस दौरान हुयी झड़प के बाद दो लोगों को गिरफ्तार कर लिया गया। ''कश्मीर फ्रीडम मार्च'' मंगलवार को यहां पार्लियामेंट स्कावयर से शुरू हुआ और इंडिया हाउस की ओर बढ़ा। इस दौरान प्रदर्शनकारियों ने भारत विरोधी नारे लगाए। उन्होंने भारत विरोधी तख्तियां भी ले रखी थीं। स्काटलैंड यार्ड पुलिस ने कहा कि प्रदर्शन पर नजर रखने के लिए पर्याप्त संख्या में पुलिस बल तैनात किया गया था।

## सार समाचार

### पुतिन ने मोदी को विजय दिवस समारोह के लिए आमंत्रित किया

**व्लादिवोस्तोक, वार्ता।** रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को यहां मई 2020 में होने वाले द्वितीय विश्व युद्ध के 75वें विजय दिवस समारोह में शामिल होने के लिए बुधवार को आमंत्रित किया। रूस की समाचार एजेंसी स्पूतनिक की रिपोर्ट के अनुसार श्री पुतिन ने ईस्टर्न इकोनॉमिक फोरम (ईईएफ) के दौरान श्री मोदी से कहा, " हम आपके दौरे का इंतजार कर रहे हैं, प्रिय प्रधानमंत्री जी। हम ब्राजील में ब्रिक्स के शिखर सम्मेलन में मिलेंगे, हम अगले वर्ष मई में नाजीवाद के ऊपर द्वितीय विश्व-युद्ध की जीत के 75वें विजय दिवस समारोह में भी आपके शामिल होने की आशा करते हैं।" वर्ष 1945 में जर्मनी के नाजी शासन की हार के उपलक्ष्य में यह विजय दिवस मनाया जाता है और इस दिन सरकारी छुट्टी भी होती है। जर्मनी ने आठ मई की देर रात (रूस के समयानुसार नौ मई) को आत्मसमर्पण संबंधी दस्तावेज पर हस्ताक्षर किया था। रूस की तत्कालीन सोवियत सरकार ने बर्लिन में इस हस्ताक्षर के बाद नौ मई की सुबह विजय की घोषणा की थी।

### ईरान ने इम्पेरो चालक दल के 7 सदस्य रिहा किये: रूस

**तेहरान, स्पूतनिक।** रूस ने बुधवार को कहा कि ईरान ने ब्रिटेन के इम्पेरो पोत के चालक दल के सात सदस्यों को रिहा कर दिया है। तेहरान में रूसी दूतावास के मीडिया सचिव अंद्रेय गनेंको ने बताया कि ईरान ने जुलाई में कब्जे में लिए ब्रिटेन के स्तेन इम्पेरो टैंकर के चालक दल के सात सदस्यों को देश छोड़ने की अनुमति दे दी है। गानेंको ने कहा, " जहाज के मालिक एवं कप्तान के अनुरोध के बाद ईरान ने चालक दल के सात सदस्यों को छोड़ने का फैसला लिया है। छोड़े गये सदस्यों में एक रूसी नागरिक भी है जो इलेक्ट्रो मैकेनिक है।" उन्होंने कहा कि जहाज पर कुछ चालक दल के सदस्यों को रखा गया है ताकि जरूरत पड़ने पर जहाज को समुद्र से बाहर निकाला जा सके। उल्लेखनीय है कि स्तेना इम्पेरो टैंकर जहाज को ईरानी नौसेना ने जुलाई में अंतरराष्ट्रीय समुद्री मानदंडों के उल्लघंन के आरोप को लेकर अरब खाड़ी के होर्मुज इलाके में जब्त कर लिया था।

### क्वेटा में सुरक्षा बलों ने छह आतंकवादियों को मार गिराया

**इस्लामाबाद, वार्ता।** पाकिस्तान के सुरक्षा बलों ने बुधवार को गोपनीय सूचना के आधार पर पूर्वोत्तर क्वेटा के बाईपास क्षेत्र में छह आतंकवादियों को मार गिराया। बलूचिस्तान के पुलिस महानिदेशक मोहसिन हसन बट ने इस घटना की पुष्टि करते हुए कहा कि मारे गए आतंकवादी इस्लामिक स्टेट आतंकवादी संगठन से जुड़े हुए थे। बट ने बताया कि इस अभियान में बलूचिस्तान कांस्टबुलरी का एक अधिकारी भी मारा गया जबकि आतंकवाद रोधी बल (एटीएफ) के छह जवान घायल हुए हैं। घायलों में एक की हालत गंभीर बताई गई है। यह अभियान छह घंटे चला। आतंकवाद रोधी विभाग ने आतंकवादियों से बड़ी मात्रा में हथियार और विस्फोटक बरामद किए हैं। डान के अनुसार श्री बट ने बताया कि मारे आतंकवादियों में एक महिला भी है। आतंकवादियों के शव पोस्टमार्टम के लिए सिविल अस्पताल भेज दिए गए हैं।

# रक्षा,अंतरिक्ष, ऊर्जा सहयोग को विस्तार देंगे भारत एवं रूस

**व्लादिवोस्टक** ■ वार्ता

भारत और रूस ने अपनी रणनीतिक साझीदारी एवं परस्पर विश्वास को नयी ऊंचाइयों तक पहुंचाने के संकल्प के साथ 15 करारों पर आज हस्ताक्षर किये और दोनों देशों के बीच ऊर्जा, अंतरिक्ष और रक्षा के क्षेत्र में आपसी सहयोग को विस्तार देने की रूपरेखा तय की।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के बीच 20वीं भारत रूस वार्षिक शिखर बैठक में इन दस्तावेजों पर हस्ताक्षर किये। इनमें भारत में सोवियत संघ अथवा रूस के सैन्य उपकरणों एवं हथियारों के कलपुर्ज़ों के निर्माण, रक्षा एवं प्रतिरक्षा, अंतरिक्ष, चेन्नई से व्लादिवोस्टक के बीच समुद्री संपर्क स्थापित करने तथा प्राकृतिक गैस के बारे में समझौते शामिल हैं।

अपने संयुक्त प्रेस वक्तव्य में प्रधानमंत्री श्री मोदी ने कहा," हमारी विशेष एवं विशेषाधिकार प्राप्त रणनीतिक साझेदारी न सिर्फ हमारे देशों के सामरिक हितों के काम आयी है बल्कि इसे हमने लोगों के विकास और उनके सीधे फायदे से जोड़ा है। राष्ट्रपति पुतिन और मैं इस रिश्ते को विश्वास और भागीदारी के ज़रिये सहयोग की नयी ऊंचाइयों तक ले गए हैं और इसकी उपलब्धियों में सिर्फ मात्रात्मक ही नहीं, गुणात्मक बदलाव लाये हैं।"



उन्होंने कहा कि हमने सहयोग को सरकारी दायरे से बाहर लाकर उसमें लोगों की, और निजी उद्योगों की असीम ऊर्जा को जोड़ा है। रक्षा एवं सामरिक क्षेत्र में भी रूसी उपकरणों के कलपुर्जे भारत में दोनों देशों के संयुक्त उद्यम द्वारा बनाने पर आज हुआ समझौता रक्षा उद्योगों को बढ़ावा देगा। यह समझौता और इस साल के शुरू में ए के-203 राइफलों के विनिर्माण का संयुक्त उद्यम ऐसे कदम हैं जो हमारे रक्षा सहयोग को क्रेता-विक्रेता के सीमित परिवेश से बाहर सह विनिर्माण का ठोस आधार दे रहे हैं।

इन दस्तावेजों में दोनों देशों के संबंधों को परस्पर भरोसे एवं साझेदारी की नयी ऊंचाइयों तक पहुंचाने संबंधी एक संयुक्त वक्तव्य, भारत-रूस व्यापार एवं निवेश के विस्तार पर संयुक्त रणनीति, सोवियत/रूसी सैन्य उपकरणों के कलपुर्ज़ों के निर्माण, दृश्य एवं श्रव्य सामग्री के निर्माण में सहयोग, सड़क निर्माण एवं परिवहन में द्विपक्षीय सहयोग, चेन्नई बंदरगाह से व्लादिवोस्टक के बीच समुद्री संचार आरंभ करने, सीमा शुल्क उल्लंघन के मामलों से निपटने, रूस से निवेश प्राप्त करने, फिक्की और रोसकांग्रेस फाउंडेशन के बीच सहयोग आदि के करार शामिल हैं। दोनों देशों ने प्राकृतिक गैस का परिवहन के लिए उपयोग, कोकिंग कोल के खनन परियोजनाओं के संयुक्त रूप से क्रियान्वयन तथा प्राकृतिक गैस के विक्रय एवं उपयोग को लेकर विभिन्न समझौतों पर हस्ताक्षर किये।

श्री मोदी ने बताया कि दोनों देशों के बीच हाइड्रो कार्बन के क्षेत्र में अभूतपूर्व निवेश है। इस क्षेत्र में सहयोग के लिए पांच साल का रोडमैप और रूस के सुदूर पूर्व तथा आर्कटिक में हाइड्रो कार्बन और एलएनजी की खोज में सहयोग पर सहमति हुई है। उन्होंने बताया कि अंतरिक्ष में हमारा लंबा सहयोग नयी ऊंचाइयों को छू रहा है। गगनयान, यानी भारतीय मानव सहित उड़ान में भारत के अंतरिक्ष यात्री रूस में प्रशिक्षण प्राप्त करेंगे।

### ब्रेक्जिट को रोकने पर ब्रिटेन में जल्द हो सकते हैं चुनाव

**लंदन** ■ स्पूतनिक

ब्रिटेन के प्रधानमंत्री बोरिस जॉनसन ने कहा है कि यदि सांसद ब्रेक्जिट को रोकने के लिए मतदान करते हैं तो वह जल्द से जल्द चुनाव की घोषणा करेंगे।

इससे पहले मंगलवार रात ब्रिटेन की संसद में श्री जॉनसन की ब्रेक्जिट नीति (ब्रिटेन के यूरोपीय संघ से बाहर होने की प्रक्रिया) को उस समय तगड़ा झटका लगा जब सत्तारूढ़ कंजर्वेटिव पार्टी के बागी सांसदों ने विपक्षी सांसदों के साथ मिलकर सरकार को संसद में पराजित कर दिया।

इस वर्ष जुलाई में प्रधानमंत्री पद संभालने के बाद श्री जॉनसन की संसद में यह पहली परीक्षा थी, लेकिन ब्रेक्जिट के मुद्दे पर एक प्रस्ताव पर मतदान हुआ जिसमें केवल 301 सांसदों ने उनका समर्थन किया जबकि 328 सांसदों ने उनके विपक्ष में मतदान किया।



ब्रिटेन के प्रधानमंत्री ने कहा कि उनके मुताबिक अब देश में इस राजनीतिक समस्या का हल निकालने के लिए चुनाव की एक मात्र विकल्प है। ब्रिटेन के कानून के मुताबिक यदि श्री जॉनसन जल्द चुनाव कराना चाहते हैं तो इसके लिए उन्हें संसद में दो-तिहाई बहुमत चाहिए होगा।

गौरतलब है कि श्री जॉनसन ने अपने एक बयान में कहा था कि किसी भी परिस्थिति में 31 अक्टूबर तक ब्रिटेन बिना किसी समझौते के यूरोपीय संघ से अलग हो जाएगा।

### यूरोप ने अपने दायित्व पूरे नहीं किये: ईरान

**तेहरान** ■ वार्ता

ईरान ने यूरोप पर संयुक्त समावेशी कार्य योजना (जेसीपीओए) के तहत दायित्वों को पूरा नहीं करने का आरोप लगाया है। स्थानीय समाचार एजेंसी इरना ने ईरान के विदेश मंत्री जवाद जरीफ के हवाले से बुधवार को कहा कि यूरोप अपनी जिम्मेदारियों को पूरा करने में विफल रहा है।

इस बीच सरकारी प्रवक्ता परविज इस्माइल ने बताया कि ईरान के राष्ट्रपति हसन रूहानी को गुरुवार तक जेसीपीओए से जुड़े यूरोपीय देशों के साथ किसी किस्म की बातचीत की उम्मीद नहीं है। उन्होंने ट्वीट करके कहा कि श्री रूहानी ने एक सरकारी बैठक में कहा, "मुझे लगता है कि हम आज या कल तक यूरोप के साथ बातचीत में किसी निष्कर्ष तक नहीं पहुंच सकेंगे।"

इस्माइल ने बताया कि रूहानी ने यह भी कहा कि जेसीपीओए पर ईरान के तीसरे जवाबी कदम के तहत विशेष तौर पर ऐसे महत्वपूर्ण उपाय किये जाएंगे जिससे ईरान परमाणु ऊर्जा संगठन की गतिविधियों को बढ़ावा मिलेगा। ईरान, चीन, फ्रांस, जर्मनी, रूस, ब्रिटेन, अमेरिका और यूरोपीय संघ ने वर्ष 2015 में जेसीपीओए पर हस्ताक्षर किये थे। इसके तहत ईरान को प्रतिबंधों में छूट हासिल करने के लिए अपने परमाणु कार्यक्रम को वापस लेना था।

### मालदीव के विकास के लिए पूर्णत: प्रतिबद्ध है भारत

**माले** ■ भाषा

विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने बुधवार को मालदीव के राष्ट्रपति इब्राहिम मोहम्मद सोलिह से मुलाकात कर द्वीपीय देश के विकास के लिए भारत की पूर्ण प्रतिबद्धता का आश्वासन दिया।

जयशंकर चौथी इंडियन ओशन कांफ्रेंस (आईओसी) में भाग लेने के लिए मालदीव आए हुए हैं।

विदेश मंत्री ने ट्वीट किया, '' स्वागत के लिए आपका धन्यवाद राष्ट्रपति सोलिह। 'भारत पहले' की नीति लागू करने के लिए प्रधानमंत्री (नरेन्द्र मोदी) की शुभकामना और शुक्रिया उन तक पहुंचाया। हमारी पूर्ण प्रतिबद्धता का आश्वासन उन्हें दिया। आईओसी2019 की अच्छी मेजबानी के लिए मालदीव को बधाई।'' एक अन्य कार्यक्रम में जयशंकर ने मालदीव के विदेश मंत्री अब्दुल्ला शाहिद के साथ भारतीय दूतावास के नए भवन का शिलान्यास किया। उन्होंने ट्वीट किया, ''भारत-मालदीव, संबंधों के भविष्य की मजबूत नींव रख रहे हैं।'

### गोवा की वित्तीय स्थिति स्थिर: सावंत

**पणजी, भाषा।** गोवा के मुख्यमंत्री प्रमोद सावंत ने राजस्व में कमी एवं आर्थिक नरमी के कारण राज्य के कर्ज के जाल में फंसने के तरफ बढ़ने की खबरों को खारिज करते हुए कहा कि राज्य की वित्तीय स्थिति 'स्थिर' है। सावंत ने कहा कि गोवा के राजस्व के मुख्य स्रोत खनन से जुड़ी गतिविधियां हैं जो बंद हो गयी हैं लेकिन उनकी सरकार घाटे की पूर्ति के लिए अन्य विकल्प तलाश रही है। मीडिया के एक धड़े में चल रही खबरों में दावा किया गया था कि अपनी वित्तीय जरूरतों को पूरा करने के लिए राज्य बड़े पैमाने पर कर्ज ले रहा है।

## बाजार में सुधार, सेंसेक्स 162 अंक ऊपर

**मुंबई** ■ वार्ता

यूरोप और एशियाई बाजारों से मिले सकारात्मक संकेतों के साथ ही घरेलू स्तर पर बैंकिंग और धातु समूह में हुयी लिवाली के बल पर शेयर बाजार में बुधवार को सुधार हुआ जिससे बीएसई का सेंसेक्स 162 अंक और निफ्टी 47 अंक की बढ़त बनाने में सफल रहा।

बीएसई का 30 शेयरों वाला संवेदी सूचकांक सेंसेक्स 161.83 अंक चढ़कर 36724.74 अंक पर और नेशनल स्टॉक एक्सचेंच (एनएसई) का निफ्टी 46.75 अंक बढ़कर 10844.65 अंक पर रहा। इस दौरान छोटी और मझौली कंपनियों में भी लिवाली देखी गयी जिससे बीएसई का मिडकैप 0.14 प्रतिशत बढ़कर 13263.58 अंक पर और स्मॉलकैप 0.29 प्रतिशत उठकर 12405.92 अंक पर रहा।

बीएसई में अधिकांश समूह बढ़त में रहे जिसमें टेलीकॉम 1.91 प्रतिशत, धातु 1.72 प्रतिशत, बैंकिंग 1.06 प्रतिशत, वित्त 0.85 प्रतिशत, तेल एवं गैस 0.82 प्रतिशत, सीडी 0.78 प्रतिशत, पावर 0.54 प्रतिशत, टेक 0.54 प्रतिशत और आईटी 0.41 प्रतिशत शामिल है। गिरावट में रहने वालों में ऑटो 1.74 प्रतिशत और सीडी 1.31 प्रतिशत प्रमुख रूप से शामिल है। बीएसई में कुल 2557 कंपनियों में कारोबार हुआ जिसमें से 1204 बढ़त में और 1186 गिरावट में रहे और 167 में कोई बदलाव नहीं हुआ।


वैश्विक स्तर पर अमेरिकी बाजार गिरावट के साथ खुले जबकि यूरोप और एशिया के प्रमुख बाजार हरे निशान में रहे। हांगकांग और यूरोप में राजनीति स्थिति में सुधार होने से बाजार को बल मिला है। ब्रिटेन का एफटीएसई 0.30 प्रतिशत, जर्मनी का डैक्स 0.91 प्रतिशत, हांगकांग का हैंगसेंग 3.90 प्रतिशत, दक्षिण कोरिया का कोस्पी 1.61 प्रतिशत, चीन का शंघाई कंपोजिट 0.93 प्रतिशत और जापान का निक्की 0.12 प्रतिशत की बढ़त में रहा।

## अगस्त में सेवा क्षेत्र में सुस्त वृद्धि

**नई दिल्ली** ■ वार्ता

देश में नये कारोबार की धीमी वृद्धि दर, रोजगार सृजन एवं उत्पादन में बढ़ोत्तरी के मध्यम दर से बढ़ने के कारण देश के सेवा क्षेत्र की गतिविधियां अगस्त में सुस्त रहीं। एक नये मासिक सर्वेक्षण में बुधवार को यह दिखाया गया है।

आईएचएस मार्किट का इंडिया सर्विसेज बिजनेस एक्टिविटी सूचकांक (पीएमआई) अगस्त में घटकर 52.4 पर रह गया। जुलाई में यह आंकड़ा 53.8 पर था। ये हालिया आंकड़े उत्पादन में बढ़ोत्तरी की दर में कमी को दर्शाते हैं। सूचकांक का 50 से अधिक रहना विस्तार दर्शाता है जबकि 50 से नीचे का सूचकांक संकुचन का संकेत देता है।



आईएचएस मार्किट की प्रधान अर्थशास्त्री पी डी लिमा ने कहा, 'भारत के सेवा क्षेत्र का पीएमआई विनिर्माण क्षेत्र के रुझान के मुताबिक ही है। यह वित्त वर्ष 2019-20 की दूसरी तिमाही में अर्थव्यवस्था में नरमी की बुरी खबर लेकर आ रहा है।'

आईएचएस मार्किट का इंडिया कम्पोजिट पीएमआई आउटपुट सूचकांक घटकर अगस्त में 52.6 रह गया, जो जुलाई में 53.9 पर था। इस सूचकांक में विनिर्माण एवं सेवा क्षेत्र दोनों को शामिल किया जाता है। हालांकि, पीएमआई आउटपुट सूचकांक में लगातार 18वें महीने विस्तार देखने को मिला। वहीं नये ऑर्डर में जुलाई के मुकाबले अगस्त में अधिक नरमी देखने को मिली। अगस्त में निजी क्षेत्र की नौकरियों में वृद्धि देखने को तो मिली लेकिन उसकी रफ्तार बहुत धीमी रही। हालांकि, गिरावट के बावजूद सेवा प्रदाता आने वाले 12 महीनों में कारोबारी गतिविधियों में वृद्धि को लेकर आश्वस्त हैं।

## चांदी हुई 51 हजारी, सोना 40,400 के पार

**नई दिल्ली, वार्ता।** वैश्विक मंदी की आशंका में विदेशों में दोनों कीमती धातुओं में जारी तेजी के कारण दिल्ली सर्राफा बाजार में बुधवार को चाँदी पौने पाँच साल की सबसे बड़ी एकदिनी तेजी के साथ 51 हजार रुपये प्रति किलोग्राम के पार निकल गयी तथा सोना अब तक के रिकॉर्ड स्तर पर पहुँच गया। स्थानीय बाजार में चाँदी आज 2,530 रुपये की छलाँग लगाकर 51,600 रुपये प्रति किलोग्राम पर पहुँच गयी। यह 02 दिसंबर 2014 (2,700 रुपये) के बाद की सबसे बड़ी तेजी है। सोना भी 225 रुपये चमककर अब तक के रिकॉर्ड स्तर 40,420 रुपये प्रति दस ग्राम हो गया। विदेशों में मंगलवार को चाँदी हाजिर पौने पाँच प्रतिशत मजबूत हुई। बुधवार को भी सफेद धातु में मजबूती का क्रम जारी रहा। यह 0.03 डॉलर चढ़कर 19.28 डॉलर प्रति औंस पर पहुँच गयी। आज कारोबार के दौरान एक समय यह 19.57 डॉलर प्रति औंस तक भी पहुँची जो सितंबर 2016 के बाद का उच्चतम स्तर है। लंदन एवं न्यूयॉर्क से मिली जानकारी के अनुसार, सोना हाजिर गत दिवस एक प्रतिशत चढ़ने के बाद आज 7.50 डॉलर की गिरावट में 1,537.60 डॉलर प्रति औंस पर रहा। दिसंबर का अमेरिकी सोना वायदा 9.50 डॉलर की गिरावट में 1,546.40 डॉलर प्रति औंस बोला गया। बाजार विश्लेषकों का कहना है कि वैश्विक आर्थिक मंदी और अमेरिका तथा चीन के बीच व्यापार युद्ध गहराने की चिंता में निवेशक सुरक्षित धातु का रुख कर रहे हैं।



**Hindustan Fibres Ltd.**

**Regd. Off.:** 7 K.M., Bhiwadi-Alwar Road, Village Banbirpur, Tehsil Tapukada, Dist. Alwar, Rajasthan-301019

**CIN:** U70200RJ1992PLC012066

**NOTICE TO MEMBERS**

Notice is hereby given that the 27th Annual General Meeting ("AGM") of the members of the Company will be held on Thursday, the 26th day of September, 2019 at the registered office of the Company at 11:00 A.M. to transact the business as mentioned in the notice calling Annual General Meeting.

Notice is also given that in compliance with the provisions of Section 91 of the Companies Act, 2013 read with Rule 10 of Companies (Management and Administration) Rules, 2014, as amended, the register of members and share transfer books will remain close from 20th September, 2019 to 26th September, 2019 (both days inclusive) for the said AGM of the Company.

Members are hereby informed that in compliance with the provisions of Section 108 of the Companies Act, 2013 read with Rule 20 of Companies (Management and Administration) Rules, 2014, as amended, the company is providing to its members facility to exercise their right to vote on resolutions proposed to be passed in the AGM through electronic voting system (remote e-voting). The Company has engaged the services of MCS Share Transfer Agent Ltd. ("MCS") the Registrar and Share Transfer Agent of the Company as the agency to provide e-voting facilities.

The remote e-voting facility will commence on 23rd September, 2019 at 9 A.M. and will end on 25th September, 2019 at 5 P.M. The e-voting mode shall be disabled thereafter and members will not be allowed to vote electronically beyond the said date and time. Shareholders, whose name is recorded in the Register of Members maintained by the MCS as on the cut-off date, i.e. 19th September, 2019 only shall be entitled to avail the facility of remote e-voting/voting at the meeting.

Any person who acquires shares of the Company and become a member after the dispatch of the AGM notice and holds shares as on the cut-off date viz. 19th September, 2019, may obtain the user name and password by sending a e-mail request to admin@mcsregisters.com. If a member is already registered with MCS for e-voting, then he can use his existing user ID and Password for casting vote through remote e-voting.

Facility of voting through Poll (Ballot) paper shall also be made available at the AGM. Members attending the meeting, who have not already cast their vote by remote e-voting shall be able to exercise their right at the meeting. Members who have cast their vote by remote-e-voting may also attend the Meeting, but shall not be entitled to vote again at the AGM.

In case of any query, pertaining to e-voting, please visit Help and FAQ's Section available at NSDL website link http://evoting.nsdl.com. The query or grievance connected with the remote e-voting may also be addressed to:-

Mr. Amarjit, Senior Manager, MCS Share Transfer Agent Ltd., F-65, Okhla Industrial Area, Phase-I, New Delhi-110020, Ph. No. 011-4140 6149-52, e-mail: admin@mcsregisters.com

**For Hindustan Fibres Ltd.**
**Sd/-**
**G.S. Singhvi**
**Managing Director**

**Date: 26.08.2019**
**Place: New Delhi**

**विनसम ब्रेवरीज लिमिटेड**

**पंजीकृत कार्यालय:** गॉव सारेहखुर्द, तेहसिल तीजारा, जिला अलवर – 301001 (राजस्थान)

**निगम कार्यालय :** डी–61ए ओखला औद्योगिक क्षेत्र, फेस–1, नई दिल्ली–110020

**फोन** : 011-26811299, 2707 **फैक्स** : 011-26815222

ई–मेल: rkb@winsomeindia.in: **बेबसाइट-** www.winsomeindia.in

सिन: L15511RJ1992PLC014556

**27वीं वार्शिक सामान्य बैठक, रिमोट ई–वोटिंग और बुक क्लोजर की सुचना**

**एतद्द्वारा सूचना दी जाती है**

ए) 1. कि कंपनी की 27वीं वार्षिक सामान्य बैठक सोमवार, 30 सितम्बर, 2019 को दोपहर 11.00 बजे कंपनी के पंजीकृत कार्यालयगॉव सारेहखुर्द, तेहसिल तीजारा, जिला अलवर – 301001 (राजस्थान) में कथित वार्षिक आम बैठक में दी गई सूचना के कार्यों के निष्पादन हेतु आयोजित की जाएगी।

2. वार्षिक सामान्य बैठक की सूचना के साथ 31 मार्च, 2019 को समाप्त वर्ष के लिए वार्षिक प्रतिवेदन उन शेयरधारकों को ई–मेल द्वारा भेजे गए हैं जिनके ई मेल पते रिकॉर्ड कंपनी / डिपोजिटरी के साथ दर्ज हैं और अन्य सभी शेयरधारकों को भौतिक प्रति भेजी गई है। कथित दस्तावेज कंपनी की वेबसाइट www.winsomeindia.in पर उपलब्ध ह जिन्हे वार्षिक रिपोर्ट प्राप्त नहीं होती है इसे कंपनी की बेबसाइट से डाउनलाड कर सकते है या कम्पनी की कम्पनी सचिव को लिखित रू‍ से या ई–मेल द्वारा rkbindia@hotmail.com पर प्राप्त कर सकते है। वर्ष 2018–19 के लिए एजीएम और वार्षिक रिपोर्ट की सुचना की भौतिक प्रतियां अन्य सभी सदस्यों को उनके पंजीकृत पते पर अनुमत मोड में भेजी गई है। कंपनी ने बृहस्पतिवार, 05 सितम्बर 2019 को अपना प्रेषण पुरा कर लिया है।

**बी) रिमोट ई–वोटिंग :**

कंपनी अधिनियम, (2013) ("अधिनियम") के तहत धारा 108 के प्रावघानों और अन्य लागु प्रावघानों, यदि कोई हो के अनुपालन में कंपनी द्वारा संशेधित कंपनीयों (प्रबंधन और प्रशासन) नियम, 2014 के नियम 20 और सेबी (सूचीकरण बाध्यता और प्रकटन आवश्यकताएं) 2015 के विनियम 44 के अनुपालन में कंपनी अपने सदस्यों को मतदान के अधिकार का उपयोग करने की सूविधा प्रदान करने में प्रसन्न है, जिसमे सभी प्रस्तावों पर मतदान सेन्ट्रल डिपोजिटरी सर्विसेज लिमिटेड ("सीडीएसएल") द्वारा प्रदान की गई एजीएम ("रिमोट ई–वोटिंग") के स्थान के अलावा किसी अन्य स्थान से इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग सिस्टम के माध्यम से मतदान कर सकते है।

I एजीएम के नोटिस में निर्धारित साधारण और विशेष व्यापार इलेक्ट्रॉनिक माध्यमों द्वारा मतदान किया जा सकता है।

ii रिमोट ई–वोटिंग 27 सितम्बर, 2019 को सुबह 9.00 बजे आरंभ होगी और 29 सितम्बर, 2019 को शाम 5.00 बजे समाप्त होगी।

iii मतदान के लिए कट ऑफ डेट 23 सितंवर, 2019 है।

iv कोई व्यक्ति जो बैठक की सूचना भेजने के बाद कंपनी का सदस्य बनता है और उसके पास कट ऑफ तिथि 23 सितम्बर, 2019 को शेयर धारिता है तो वे स्काईलाइन फाइनेंशियल सर्विसेज प्राईवेट लिमिटेड कंपनी के ई–मेल: helpdesk.evoting@cdslindia.com से संपर्क द्वारा अपने यूजर आईडी और पासवर्ड प्राप्त कर सकते हैं।

v सदस्य ध्यान दे :

**ए)**रिमोट ई–वोटिंग मॉड्यूल उपरोक्त तिथि और समय के बाद सीडीएसएल द्वारा मतदान के लिए अक्षम कर दिया जाएगा। एकवार सदस्य एक प्रस्ताप पर वोट देने के वाद, बाद में इसे बदलने की अनुमति नहीं दी जाएगी **बी)** मतपत्र के माध्यम से मतदान के लिए सुविधा एजीएम में भी उपलब्ध कराई जाएगी **सी)** जिन सदस्य ने एजीएम से पहले रिमोट ई–वोटिंग द्वारा अपना वोट डाला है, वे एजीएम में भी शामिल हो सकते हैं लेकिन फिर से अपना वोट डालने का हकदार नहीं होंग **डी)** एक व्यक्ति जिसका नाम सदस्यों के रजिस्टर में या जमाकर्ता द्वारा रखी गई लाभकारी मालिकों के रजिस्टर में दर्ज किया जाता है, केवल रिमोट ई–वोटिंग की सुविधा के साथ–साथ मतपत्र के माध्यम से मतदान देने का लाभ प्राप्त कर सकते है।

vi नोटिस कंपनी की बेबसाइट www.winsomeindia.in और सीडीएसएल के बेबसाइट www.evotingindia.com पर भी उपलब्ध है।

vii सदस्य वार्षिक सामान्य सभा की सूचना में बताए गए ई–वोटिंग के अनुदेश पढ़ें या www.evotingindia.com के डाउनलोड सेक्शन में सदस्यों के लिए ई–वोटिंग प्रयोक्ता मैनुअल उपलब्ध है और किसी पूछताछ के लिए आप सदस्यों के लिए बार बार पूछे जाने वाले प्रश्नों (एफएक्यू) को helpdesk.evoting@cdslindia.com पर देख सकते है।

**सी) बुक क्लोजर:**

कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 91 के प्रावधानों के अनुसार, कंपनियों (प्रबंधन और प्रशासन) नियम, 2014 के नियम 10 और सेबी (सूचीकरण बाध्यता और प्रकटन आवश्यकताएं) 2015 के विनियम 42 के अनुपालन में कंपनी के सदस्यों का रजिस्टर और शेयर ट्रांसफर किताव रविवार 22 सितंबर, 2019 से सोमवार 30 सितंबर, 2019 ( दोनो दिन सहित) तक बंद रहेगी।

**निदेशक मंडल के आदेश द्वारा**
**विनसम ब्रेबरीज लिटिटेड**
**राजेन्द्र कुमार बागरोडिया**
**(चेयरमैन एण्ड मैनेजिंग डाईरेक्टर)**
**डीआईएन : 00178250**

**तिथि : 05.09.2019**
**स्थान : नई दिल्ली**
**एस–521, ग्रेटर कैलाश, भाग ।।, नई दिल्ली – 110048**

**राजस्थान-सरकार**

**कार्यालय सदस्य सचिव, राजस्थान मेडिकेयर रिलिफ सोसायटी एवम प्रिन्सीपल मेडिकल ऑफिसर, महात्मा गाँधी अस्पताल, भीलवाड़ा (राज.)**

Phone : 01482-220139, 232641, Email- mghbhlpmo@gmail.com

क्रमांक – रामेरिसो/2019-20/3212 दिनांकः– 28.08.2019

**–:: ई–निविदा सूचना::–**

राजस्थान मेडिकेयर रिलिफ सोसायटी, महात्मा गाँधी अस्पताल, भीलवाड़ा में निम्नलिखित कार्य हेतु पंजीकृत /स्वयंसेवी संस्थाओं से निर्धारित प्रपत्र में ऑनलाईन निविदा आमंत्रित की जाती है। निविदा के विस्तृत नियम व शर्ते तथा अन्य विवरण https://sppp.rajasthan.gov.in तथा http://dipr.rajasthan.gov.in पर देखे जा सकते है और निविदाओं का वित्तीय विवरण वेबसाईट https://eproc.rajasthan.gov.in पर से डाउनलोड किया जा सकता है। कार्यालय से कोई निविदा प्रपत्र का विक्रय नही किया जावेगा।

निविदा सम्बन्धी किसी भी जानकारी हेतु किसी कार्य–दिवस को कार्यालय में सम्पर्क किया जा सकता है।

| क्र0 सं0 | कार्य का नाम | अनुमानित राशि | धरोहर राशि | निविदा शुल्क | प्रोसेसिंग शुल्क | ऑनलाईन निविदा डाऊनलोड दिनांक व समय | ऑनलाईन निविदा जमा कराने की दिनांक व समय | तकनीकी निविदा खोले जाने की दिनांक व समय |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 |
| 1 | महात्मा गाँधी अस्पताल में डिलीवरी पॉईन्ट एवं बाहरी भाग की साफ–सफाई | 30.00 लाख | 60000 | 1000/- | 500/- | 02-09-2019 को प्रातः 10 बजे से | 11-09-2019 को सांय 5 बजे तक | 12-09-2019 को प्रातः 11 बजे |
| 2 | महात्मा गाँधी अस्पताल में विभिन्न श्रेणी के मेन पॉवर की सेवायें (RMRS-HIMS योजना अन्तर्गत) | 80.00 लाख | 160000 | 1000/- | 1000/- | 02-09-2019 को प्रातः 10 बजे से | 11-09-2019 को सांय 4 बजे तक | 12-09-2019 को प्रातः 11 बजे |
| 3 | महात्मा गाँधी अस्पताल में विभिन्न श्रेणी के मेन पॉवर की सेवायें (मशीन विथ मैन कार्य हेतु) | 28.00 लाख | 56000 | 1000/- | 500/- | 02-09-2019 को प्रातः 10 बजे से | 11-09-2019 को सांय 4 बजे तक | 12-09-2019 को प्रातः 11 बजे |
| 4 | महात्मा गाँधी अस्पताल में विभिन्न श्रेणी के मेन पॉवर की सेवायें (MNJY-MNDY योजना अन्तर्गत) | 66.00 लाख | 132000 | 1000/- | 1000/- | 02-09-2019 को प्रातः 10 बजे से | 11-09-2019 को सांय 4 बजे तक | 12-09-2019 को प्रातः 11 बजे |

शर्तेः–

1. निविदा के विस्तृत नियम व अन्य शर्ते उक्त पोर्टल/वेबसाईट अथवा किसी भी कार्य–दिवस में कार्यालय में देखे जा सकते है।
2. धरोहर राशि व निविदा शुल्क का डीडी/बैकर्स चैक ''सदस्य सचिव, राजस्थान मेडिकेयर रिलिफ सोसायटी, भीलवाड़ा के नाम से देय होगा तथा प्रोसेसिंग शुल्क राशि का डीडी/बैकर्स चैक MD RISLजयपुर के नाम से देय होगा। उक्त सभी डीडी/बैकर्स चैक तकनीकी निविदा खोले जाने की निर्धारित दिनांक से एक कार्य–दिवस (Working Day) पूर्व दिनांक 11.09.2019 को सांय 5.00 बजे तक आवश्यक रूप से कार्यालय में जमा कराना होगा अन्यथा निविदा पर कोई विचार नही किया जावेगा।
3. निविदादाता को निविदा प्रक्रिया में https://eproc.rajasthan.gov.in पर डिजिटल इस्ताक्षर से ऑनलाईन भाग लेना होगा।
4. अद्योहस्ताक्षरकर्ता को किसी भी निविदा को या सभी निविदाओं को बिना कारण बतायें निरस्त करने का अधिकार होगा।

UBN is : NRH1920SLOB00801
UBN is : NRH1920SLOB00802
UBN is : NRH1920SLOB00803
UBN is : NRH1920SLOB00804

**(डॉ. अरूण गौड़)**
सदस्य सचिव, रा.मे.रि.सो. एवम
प्रिन्सीपल मेडिकल ऑफिसर,
भीलवाड़ा

**DIPR/C/7185/2019**